रजिस्टर्ड सं० डी० (डी०)-73 REGISTERED No. D.(D.)-73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 19] नई दिल्ली, शनिवार, मई 8, 1976/वैशाख 18, 1898
No. 19] NEW DELHI, SATURDAY, MAY 8, 1976/VAISAKHA 18, 1898

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उपनियम आदि सम्मिलित हैं।

General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc., of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories).

मंत्रिमंडल सचिवालय

(कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग)

नई दिल्ली, 20 अप्रैल, 1976

सा० का० नि० 626. —भारतीय प्रशासन सेवा (भर्ती) नियम, 1954 के नियम 8 के उप नियम (1) के साथ पठित अखिल भारतीय सेवाएं अधिनियम 1951 (1951-का 61) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार हिमाचल प्रदेश सरकार तथा संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से भारतीय प्रशासनिक सेवा (पदोन्नति द्वारा नियुक्ति) विनियम, 1955 में और संशोधन करने के लिये एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है।

1. (1) इन विनियमों का नाम भारतीय प्रशासन सेवा (पदोन्नति द्वारा नियुक्ति) द्वितीय संशोधन विनियम 1976 है।

(2) ये सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से लागू होंगे।

2 भारतीय प्रशासन सेवा (पदोन्नति द्वारा नियुक्ति) विनियम 1955 की अनुसूची में क्रम संख्या 6 के सामने हिमाचल प्रदेश राज्य से संबंधित कालम 3 की प्रविष्ट में "कृषि उत्पादन आयुक्त" मद के स्थान पर निम्नलिखित मद प्रतिस्थापित की जाएगी।

"वरिष्ठतम आयुक्त और सरकार के सचिव"

[संख्या 11039/4/75-अ० भा० सं० (1)]

CABINET SECRETARIATE

(Department of Personnel & Administration Reforms)

New Delhi, the 20th April, 1976

G.S.R. 626.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 3 of the All India Services Act, 1951 (61 of 1951) read with sub-rule (1) of rule 8 of the Indian Administrative Service (Recruitment) Rules, 1954, the Central Government in consultation with the Government of Himachal Pradesh and the Union Public Service Commission, hereby makes the following regulations further to amend the Indian Administrative Service(Appointment by Promotion) Regulation, 1955, namely :—

1. (1) These Regulations may be called the Indian Administrative Service (Appointment by Promotion) Second Amendment Regulations, 1976.

(2) They shall come into force with effect for the date of their publication in the Official Gazete.

2. In the Schedule to the Indian Administrative Service (Appointment by Promotion) Regulations, 1955 in the entries against Serial No. 6 relating to the State of Himachal Pra-

desh in column 3 for the item Agriculture Production Commissioner" the following item shall be substituted namely :—

"Seniormost Commissioner and Secretary to the Govt."

[No. 11039/4/76-AIS(I)]

सा० का० नि० 627.—केन्द्रीय सरकार, भारतीय प्रशासनिक सेवा (भर्ती) नियम, 1954 के नियम 8 के उपनियम (1) के अनुसरण मे, राज्य सरकारों और संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से, भारतीय प्रशासनिक सेवा (प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति) विनियम, 1955 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थात् :—

1. (1) इन विनियमो का नाम भारतीय प्रशासनिक सेवा (प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति) तृतीय संशोधन विनियम, 1976 है।

(2) ये राजपत्र मे प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. भारतीय प्रशासनिक सेवा (प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति) विनियम 1955 के विनियम 5 मे उप-विनियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित उप-विनियम रखा जायगा, अर्थात् —

"(2) समिति, राज्य सिविल सेवा के सदस्यो के मामलो पर उस सेवा मे ज्येष्ठतम के क्रम में उतनी संख्या को, जो उप-विनियम (1) में निर्दिष्ट संख्या से पांच गुनी हो, उक्त सूची मे सम्मिलित करने के लिए विचार करेगी :

परन्तु ऐसा निर्बन्धन ऐसे राज्य की बाबत लागू नही होगा, जहां पात्र अधिकारियों की कुल संख्या चयन सूची की अधिकतम अनुज्ञेय संख्या के पांच गुने से कम है और ऐसी दशा में समिति सभी पात्र अधिकारियों के नामों पर विचार करेगी :

परन्तु यह और कि विचारार्थ सम्मिलित की जाने वाली संख्या की संगणना करने में उप-विनियम (3) में विनिर्दिष्ट अधिकारियों की संख्या को अपवर्जित कर दिया जायगा :

परन्तु यह और भी कि समिति राज्य सिविल सेवा के किसी सदस्य के मामले पर तब तक विचार नहीं करेगी, जब तक कि उस वर्ष की जिसमे समिति का अधिवेशन हो, जनवरी के प्रथम दिन को, वह राज्य सिविल सेवा में अधिष्ठायी न हो जाए और उसने उप कलेक्टर या राज्य सरकार द्वारा उसके समतुल्य घोषित किसी अन्य पद या पदों पर भी नियमित सेवा (चाहे स्थानापन्न या अधिष्ठायी) के कम से कम 8 वर्ष पूरे न कर लिये हों।

"स्पष्टीकरण:—इस उप विनियम के तृतीय परन्तुक के अधीन राज्य सरकार की शक्तियों का प्रयोग किसी संघटक राज्य की राज्य सिविल सेवा के सदस्यों के संबंध में उस राज्य की सरकार द्वारा किया जायगा।"

[संख्या 11039/2/76-अ० भा० से० (1) क]

G.S.R. 627.—In pursuance of sub-rule (1) of rule 8 of the Indian Administrative Service (Recruitment) Rules, 1954, the Central Government, in consultation with the State Government and the Union Public Service Commission, hereby makes the following regulations further to amend the Indian Administrative Service (Appointment by Promotion) Regulations, 1955, namely :—

1. (1) These regulations may be called the Indian Administrative Service (Appointment by Promotion) Third Amendment Regulations, 1976.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In regulation 5 of the Indian Administrative Service (Appointment by Promotion) Regulations, 1955, for sub-regulation (2) the following sub-regulation shall be substituted, namely :—

"(2) The Committee shall consider for inclusion in the said list, the cases of members of the State Civil Service in the order of seniority in that service of a number which is equal to five times that number referred to in sub-regulation (1) :

Provided that such restriction not apply in respect of a State where the total number of eligible officers in less than five times the maximum permissible size of the select list and in such a case the Committee shall consider all the eligible officers.

Provided further that in computing the number for inclusion in the field of consideration, the number of officers referred to in sub-regulations (3) shall be excluded.

Provided also that the Committee shall not consider the case of member of the State Civil Service unless on the first day of January of the year in which it meets, he is substantive in the State Civil Service and has completed not less than eight years of continuous service (whether officiating or substantive) in the post of Deputy Collector or in any other post or posts declared equivalent thereto by the State Government.

EXPLANATION : The powers of the State Government under the third proviso to this sub-regulation shall be exercised in relation to the members of the State Civil Service of a constituent State, by the Government of that State."

[No. 11039/2/76-AIS (I)-A]

सा० का० नि० 628.—केन्द्रीय सरकार, भारतीय पुलिस सेवा (भर्ती नियम, 1954 के नियम 9 के उपनियम (1) के अनुसरण में, राज्य सरकारों और संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से भारतीय पुलिस सेवा (प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति) विनियम, 1955 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थात् :—

1. (1) इन विनियमो का नाम भारतीय पुलिस सेवा (प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति) संशोधन विनियम, 1976 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2 भारतीय पुलिस सेवा (प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति) विनियम, 1955 के विनियम 5 मे उपविनियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित उप विनियम रखा जायगा, अर्थात् :—

"(2) समिति, राज्य पुलिस सेवा के सदस्यो के मामलो पर उस सेवा में ज्येष्ठता के क्रम में उतनी संख्या को, जो उपविनियम (1) में विनिर्दिष्ट संख्या से पांच गुनी हो, उक्त सूची मे सम्मिलित करने के लिए विचार करेगी :

परन्तु ऐसा निर्बन्ध ऐसे राज्य की बाबत लागू नही होगा, जहां पात्र अधिकारियों की कुल संख्या चयन सूची की अधिकतम अनुज्ञेय संख्या के पांच गुने से कम है और ऐसी दशा में समिति सभी पात्र अधिकारियो के नामो पर विचार करेगी :

परन्तु यह और कि विचारार्थ सम्मिलित की जाने वाली संख्या की संगणना करने में उपविनियम (3) मे विनिर्दिष्ट अधिकारियों की संख्या को अपवर्जित कर दिया जाएगा :

परन्तु यह और भी कि समिति राज्य पुलिस सेवा के किसी सदस्य के मामले पर तब तक विचार नही करेगी, जब तक कि उस वर्ष को जिसमें समिति का अधिवेशन हो जनवरी के प्रथम दिन को यह राज्य

पुलिस सेवा में अधिष्ठायी न हो जाए और उसने पुलिस के उप अधीक्षक या राज्य सरकार द्वारा उसके समतुल्य घोषित किसी अन्य पद या पदों पर भी नियमित सेवा (चाहे स्थानापन्न या अधिष्ठायी) के कम से कम 8 वर्ष पूरे न कर लिए हों।

स्पष्टीकरण :— इस उपविनियम के तृतीय परन्तुक के अधीन राज्य सरकार की शक्तियों का प्रयोग, किसी संघटक राज्य की, राज्य सिविल सेवा के सदस्यों के संबंध में उस राज्य की सरकार द्वारा किया जायगा।"

[संख्या 11039/2/76-अ० भा० से० (I) ख]

G.S.R. 628.—In pursuance of sub-rule (1) of rule 9 of the Indian Police Service (Recruitment) Rules, 1954, the Central Government in consultation with the State Government and the Union Public Service Commission, hereby makes the following regulations further to amend the Indian Police Service (Appointment by Promotion) Regulations, 1955, namely:—

1. (1) These regulations may be called the Indian Police Service (Appointment by Promotion) Amendment Regulations, 1976.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In regulation 5 of the Indian Police Service (Appointment by Promotion) Regulations, 1955, for sub-regulation (2), the following sub-regulation shall be substituted, namely :—

"(2) The Committee shall consider, for inclusion in the said list, the cases of members of the State Police Service in the order of seniority in that service of a number which is equal to five times the number referred to in sub-regulation (1).

Provided that such restriction shall not apply in respect of a State where the total number of eligible officers is less than five times the maximum permissible size of the select list and in such a case the Committee shall consider all the eligible officers.

Provided further that in computing the number for inclusion in the field of consideration, the number of officers referred to in sub-regulations (3) shall be excluded.

Provided also that the Committee shall not consider the case of a member of the State Police Service unless, on the first day of January of the year in which it meets, he is substantive in the State Police Service and has completed not less than eight years of continuous service (whether) officiating or substantive in the post of Deputy Superintendent of Police or in any other post or posts declared equivalent thereto by the State Government.

EXPLANATION : The powers of the State Government under the third proviso to this sub-regulation shall be exercised in relation to the members of the State Civil Service of a constituent State, by the Government of that State."

[No. 11039/2/76-AIS (I)-B]

सा०का०नि० 629.—केन्द्रीय सरकार, भारतीय वन सेवा (भर्ती) नियम, 1966 के नियम 8 के उपनियम (1) के अनुसरण में, राज्य सरकारों और संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से भारतीय वन सेवा (प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति) विनियम, 1966 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थात् :—

1 (1) इन विनियमों का नाम भारतीय वन सेवा (प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति) संशोधन विनियम, 1976 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2 भारतीय वन सेवा (प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति) विनियम 1966 के विनियम 5 में उपविनियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित उप विनियम रखा जाएगा अर्थात् :—

(2) समिति राज्य वन सेवा के सदस्यों के मामलों पर उस सेवा में ज्येष्ठता के क्रम में उतनी संख्या को, जो उपविनियम (1) में निर्दिष्ट संख्या से पांच गुनी हो, उक्त सूची में सम्मिलित करने के लिए विचार करेगी —

परन्तु ऐसा निबन्धन ऐसे राज्य को बाबत लागू नहीं होगा, जहां पात्र अधिकारियों की कुल संख्या चयन सूची की अधिकतम अनुज्ञेय संख्या के पांच गुने से कम है और ऐसी दशा में समिति सभी पात्र अधिकारियों के नामों पर विचार करेगी।

परन्तु यह और कि विचारार्थ सम्मिलित की जाने वाली संख्या की संगणना करने में उपनियम विनियम (3) में निर्दिष्ट अधिकारियों की संख्या को उपवर्जित कर दिया जाएगा।

परन्तु यह और भी कि समिति राज्य वन सेवा के किसी सदस्य के मामले पर तब तक विचार नहीं करेगी जब तक कि उस वर्ष की जिसमें समिति का अधिवेशन हो, जनवरी के प्रथम दिन को वह राज्य वन सेवा में अधिष्ठायी न हो जाए और उसने सहायक वन संरक्षक या राज्य सरकार द्वारा उसके समतुल्य घोषित किसी अन्य पद या पदों पर भी नियमित सेवा (चाहे स्थानापन्न या अधिष्ठायी) के कम से कम वर्ष पूरे न कर लिए हों।

स्पष्टीकरण :—इस उप विनियम के तृतीय परन्तुक के अधीन राज्य सरकार की शक्तियों का प्रयोग किसी संघटक राज्य की राज्य सिविल सेवा के सदस्यों के संबंध में उस राज्य की सरकार द्वारा किया जाएगा।

[संख्या 11039/2/76-अ० भा० से० (I)-ग]

बी० एम० बसवान, अवर सचिव

G.S.R. 629.—In pursuance of sub-rule (1) of rule 8 of the Indian Forest Service (Recruitment) Rules, 1966, the Central Government in consultation with the State Governments and the Union Public Service Commission, hereby makes the following regulations further to amend the Indian Forest Service (Appointment by Promotion) Regulations, 1966, namely :—

1. (1) These regulations may be called the Indian Forest Service (Appointment by Promotion) Amendment Regulations, 1976.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In regulation 5 of the Indian Forest Service (Appointment by Promotion) Regulations, 1955, for sub-regulation (2), the following sub-regulation shall be substituted, namely :—

"(2) The Committee shall consider for inclusion in the said list, the cases of members of the State Forest Service in the order of seniority in that service of a number which is equal to five times the number referred to in sub-regulation (1).

Provided that such restriction shall not apply in respect of a Stta where the total number of eligible officers is less than five times the maximum permissible size of the select list and in such a case the Committee shall consider all the eligible officers.

Provided further that in computing the number for inclusion in the field of consideration, the number of officers referred to in Sub-regulation (3) shall be excluded.

Provided also that the Committee shall not consider the case of a member of the State Forest Service unless, on the first day of January of the year in which it meets he, is substantive in the State Forest Service and has completed not less than eight years of continuous service (whether officiating or substantive) in the post of Asstt. Conservator of Forest or in any other post or posts declared equivalent thereto by the State Government.

EXPLANATION.—The powers of the State Government under the third proviso to this sub-regulation shall be exercised in relation to the members of the State Civil Service of a constituent State, by the Government of that State."

[No. 11039/2/76-AIS (I)-C]
B. S. BASWAN, Under Secy.

नई दिल्ली, 20 अप्रैल, 1976

सा० का० नि० 630.—केन्द्रीय सरकार, अखिल भारतीय सेवा अधिनियम, 1951 (1951 का 61) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, संबद्ध राज्य सरकारों से परामर्श करने के पश्चात् अखिल भारतीय सेवा (भविष्य निधि) नियम, 1955 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् --

1 (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम अखिल भारतीय सेवा (भविष्य निधि), संशोधन नियम, 1976 है।

(2) ये 1 अप्रैल, 1975 को प्रवृत्त हुए समझे जाएंगे।

2 अखिल भारतीय सेवा (भविष्य निधि) नियम, 1955 में नियम 15 के पश्चात् निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :--

"15 क--अभिदाताओं के लिए प्रोत्साहन बोनस स्कीम :--

(1) सेवा का कोई सदस्य, जो अपने भविष्य निधि खाते से एक वर्ष के दौरान कोई रकम नहीं निकलाता है, वर्ष के दौरान किए गए अभिदाय पर बोनस अर्जित करने का हकदार होगा।

(2) उप नियम (1) के अधीन सदेय बोनस एक प्रतिशत की दर से संगणित किया जाएगा और ऐसे बोनस की कुल राशि निकटतम रुपये में पूर्णांकित की जाएगी (पचास पैसों को अगला एक रुपया माना जाएगा)।

(3) इस नियम के प्रयोजनों के लिए "रकम निकालना" से प्रतिदेय और अप्रतिदेय दोनों प्रकार से रकम निकालना अभिप्रेत है। जीवन बीमा पालिसी के प्रति सदाय से अभिदाता इस नियम के अधीन दी जाने वाली प्रसुविधाओं के लिए अपात्र नहीं होगा। किन्तु ऐसे मामलों में बोनस का संबंध ऐसी बीमा पालिसियों के प्रति संदायों की कटौती करने के पश्चात् वर्ष के दौरान उसके द्वारा किए गए शुद्ध अभिदाओं से होगा।

(4) इस प्रकार संगणित बोनस अभिदाता के खाते में जमा कर दिया जाएगा और यह निधि में उसके खाते में जमा अतिशेषों पर अनुज्ञात ब्याज के अतिरिक्त होगा।

(5) इस नियम के अधीन संगणित बोनस की राशि लेखा-शीर्ष "249-ब्याज संदाय-सी अल्प बचतों पर ब्याज, भविष्य निधि आदि-भविष्य निधि अभिदाताओं को प्रोत्साहन बोनस" में विकलित की जाएगी।"

व्याख्यात्मक ज्ञापन

अखिल भारतीय सेवाओं के सदस्यों के लिए प्रोत्साहन बोनस स्कीम अन्य केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए पहली अप्रैल, 1975 के केन्द्रीय सरकार द्वारा लागू की गई इसी प्रकार की योजना की रूपरेखा के आधार पर लागू की गई है। उक्त बोनस स्कीम में अखिल भारतीय सेवाओं के ऐसे सदस्य शामिल किए जाएंगे जो पहली अप्रैल, 1975 से आरम्भ होने वाले वित्तीय वर्ष में अपने भविष्य निधि लेखे से कोई भी रकम नहीं निकालेंगे। अतः अखिल भारतीय सेवाएं (भविष्य निधि) नियम, 1955 को पहली अप्रैल, 1975 से संशोधित किया जा रहा है। उक्त नियमों के भूतलक्षी प्रभाव से संशोधित किए जाने से किसी भी अधिकारी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है।

[संख्या 11026/2/76-एस० आई० एस०(3)]
आ० ए० अग्रवाल, अवर सचिव

G.S.R. 630.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 3 of the All India Services Act, 1951 (61 of 1951), the Central Government, after consultation with the Government of States concerned, hereby makes the following rules further to amend the All India Services (Provident Fund) Rules, 1955, namely:--

1. (1) These rules may be called the All India Services (Provident Fund) Amendment Rules, 1976.

(2) They shall be deemed to have come into force on the Ist April, 1975.

2. In the All India Services (Provident Fund) Rules, 1955, after rule 15, the following rule shall be inserted namely :—

"15A. Incentive Bonus Scheme for subscribers.

(1) A member of the Service who does not make any withdrawals from his provident fund account during a year shall be entitled to earn a bonus on the subscriptions made during the year.

(3) The bonus payable under sub-rule (1) shall be calculated at the rate of one per cent and the total amount of such bonus shall be rounded to the nearest whole rupee (fifty paise counting as the next higher rupee).

(3) For the purposes of this rule, "withdrawal" means both refundable and non-refundable withdrawals. Payments towards policies of life insurance shall not make the subscriber ineligible for the benefit conferred under this rule, but the bonus will, in such cases, be related to the net subscriptions made during the year after deducting the payments towards such insurance policies.

(4) The bonus so calculated shall be credited to the account of the subscriber and shall be in addition to the interest allowed on the balances lying to the credit of his account in the fund.

(5) The amount of bonus calculated under this rule shall be debited to the head of account "249-Interest Payments-C-Interest on small savings, Provident Fund, etc.—Incentive Bonus to Provident Fund subscribers".

EXPLANATORY MEMORANDUM

The Incentive Bonus Scheme for the members of the All India Services has been introduced on the pattern of a similar scheme introduced with effect from the Ist April, 1975, by the Central Government for the other Central Government employees. The Bonus Scheme will cover the members of the All India Services who do not withdraw any amount from their provident fund accounts from the financial year commencing from the Ist April, 1975. The All India Services (Provident Fund) Rules, 1955, are therefore bing amended from the Ist April, 1975. No officer is likely to be affected adversely because of the said rules being amended retrospectively.

[No. 11026/2/76-AIS (III)]

नई दिल्ली, 22 अप्रैल, 1976

सा०का०नि० 631.—अखिल भारतीय सेवा अधिनियम, 1951 (1951 का 61) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार संबद्ध राज्यों की सरकारों से परामर्श के पश्चात् अखिल भारतीय सेवा (भविष्य निधि) नियम, 1955 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का नाम अखिल भारतीय सेवा (भविष्य निधि) द्वितीय संशोधन नियम, 1976 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. अखिल भारतीय सेवा (भविष्य निधि) नियम, 1955 के नियम 13 के उपनियम (1) में—दूसरे परन्तुक में, अंक "1,00,000" के स्थान पर अंक "1,25,000" रखे जायेंगे।

[संख्या 11026/8/75-ए० आई० एस०(3)]

आर० एल० अग्रवाल, अवर सचिव

New Delhi, the 22nd April, 1976

G.S.R. 631.—In exercise of the poowers conferred by sub-section (1) of section 3 of the All India Services Act, 1951 (61 of 1951), the Central Government, after consultation with the Governments of the States concerned, hereby makes the following rules further to amend the All India Services (Provident Fund) Rules, 1955, namely :—

1. (1) These rules may be called the All India Services (Provident Fund) second Amendment Rules, 1976.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In sub-rule (1) of rule 13 of the All India Services (Provident Fund) Rules, 1955, in the second proviso, for the figures "1,00,000" the figures "1,25,000" shall be substituted.

[No. 11026/8/75-AIS (III)]

R. L. AGGARWAL, Under Secy.

नई दिल्ली, 20 अप्रैल, 1976

सा०का०नि० 632.—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति, केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा नियम, 1969 में और संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाते है, अर्थात्—

1. (1) इन नियमों का नाम केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा (संशोधन) नियम, 1976 है।

(2) ये नियम सरकारी राजपत्र में इनके प्रकाशित होने की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा नियम, 1969 की पहली अनुसूची में क्रम संख्या 12 पर गृह मंत्रालय से सम्बंधित प्रविष्टि के संबंध में कालम (3) में दी गई प्रविष्टियों के बाद निम्नलिखित प्रविष्टि जोड़ दी जाएगी, अर्थात् —

"(xi) राजभाषा विभाग"

[संख्या 21/37/75- के०से०-(1)(3)]

New Delhi, the 20th April, 1976

G.S.R. 632.—In exercise of the powers, conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Central Secretariat Stenographers Service Rules, 1969 namely :—

1. (1) These rules may be called the Central Secretariat Stenographers Service (Amendment) Rules, 1976.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Central Secretariat Stenographers Service Rules, 1969, in the First Schedule in the entries relating to Serial No. 12 "Ministry of Home Affairs" in column (3), after the existing entries, the following entry shall be inserted, namely :—

"(xi) Department of Official Language".

[No. 21/37/75-CS (I) (iii)]

नई दिल्ली, 23 अप्रैल, 1976

सा०का०नि० 633.—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति, केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा नियम, 1962 में और संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाते है, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का नाम केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा (द्वितीय संशोधन) नियम, 1976 है।

(2) ये नियम सरकारी राजपत्र में इन के प्रकाशित होने की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2 केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा नियम 1962 की पहली अनुसूची में क्रम संख्या 12 पर "गृह मंत्रालय" से संबंधित प्रविष्टि के कालम (3) में दी गई प्रविष्टियों के बाद निम्नलिखित प्रविष्टि जोड़ दी जायगी, अर्थात् —

"(xi) राजभाषा विभाग"

[सं० 21/37/75-के०से०-(1)(2)]

के० बी० नायर, अवर सचिव

New Delhi, the 23rd April, 1976

G.S.R. 633.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Central Secretariat Clerical Service Rules, 1962, namely :—

1. (1) These rules may be called the Central Secretariat Clerical Service (Second Amendment) Rules, 1976.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2 In the Central Secretariat Clerical Service Rules, 1962, in the First Schedule in the entries relating to S. No. 12 "Ministry of Home Affairs" in column (3) after the existing entries, the following entry shall be inserted, namely :—

"(xi) Department of Official Language".

[No 21/37/75-CS (I) (ii)]

K. B NAIR, Under Secy.

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय

(न्याय विभाग)

नई दिल्ली, 22 अप्रैल

सा०का०नि० 634.—उच्चतम न्यायालय अधिनियम, 1958 (1958 का 41) की

के खण्ड (घ) के साथ पठित, उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार उच्चतम न्यायालय न्यायाधीश नियम, 1959 में और संशोधन करने के लिये निम्नलिखित नियम बनाती है अर्थात् .—

1. (1) इन नियमों का नाम उच्चतम न्यायालय न्यायाधीश (संशोधन) नियम, 1976 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. उच्चतम न्यायालय न्यायाधीश नियम, 1959 में:—

(i) नियम 4 में, "पन्द्रह दिन" शब्दों के, उन दोनों स्थानों पर जहां वे आये हैं, स्थान पर, "एक मास" शब्द रखे जायेंगे ,

(ii) नियम 4 के पश्चात्, निम्नलिखित नियम अन्त:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् .—

"4क विनिर्दिष्ट से अधिक ठहरने की अवधि के लिये भाटक—(1) जहां कोई न्यायाधीश नियम 4 में विनिर्दिष्ट अवधि के बाद भी निवास स्थान को अधिभोग में रखे, वहां उसे विनिर्दिष्ट से अधिक ठहरने की अवधि के लिये, मूल नियम 45-ख के उपबन्धों के अनुसार संगणित भाटक तथा पूर्ण विभागीय प्रभारों का, या यदि भाटकों की वर्गीकृत कर दिया गया हो तो मूल नियम 45-क के अधीन वर्गीकृत मानक भाटक का, इनमें से जो अधिक हो, संदाय करना होगा ।

(2) जहां किसी न्यायाधीश की सेवा-काल में मृत्यु हो जाए, वहां उसके कुटुम्ब के सदस्य निवास स्थान को मूल नियम 45-क के उपबन्धों के अनुसार संगणित भाटक, या, यदि भाटक वर्गीकृत कर दिया गया हो तो उस नियम के अधीन मानक भाटक का संदाय करने पर, नियम 4 में विनिर्दिष्ट अवधि के अतिरिक्त, एक मास से अनधिक और अवधि के लिये अधिभोग में रखने के हकदार होंगे ।"

[संख्या 1/45/73-न्याय]

आर० एल० परदीप, उप सचिव

MINISTRY OF LAW, JUSTICE & COMPANY AFFAIRS

(Department of Justice)

New Delhi, the 22nd April, 1976

G.S.R. 634.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1), read with clause (d) of sub-section (2) of section 24 of the Supreme Court Judges (Conditions of Service) Act, 1958 (41 of 1958) the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Supreme Court Judges Rules, 1959, namely :—

1. (1) These rules may be called the Supreme Court Judges (Amendment) Rules, 1976.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Supreme Court Judges, Rules, 1969,—

(i) in rule 4, for the words "fifteen days", at both the places where they occur, the words "one month" shall be substituted;

l, the following rule shall be inserted,

or period of over-stay.—(1) Where a cupies a residence beyond the period 'n rule 4, he shall be liable to period of over-stay, rent calculated e with the provisions of Funda-45-B together with full depart-or, if the rents have been pooled, the pooled standard rent under Fundamental Rule 45-A, whichever is higher.

(2) Where a judge dies while in service the members of his family shall, in addition to the period specified in rule 4, be entitled to occupy residence for a further period not exceeding one month by making payment of rent calculated in accordance with the provisions of Fundamental Rules 45-A, or, if the rents have been pooled, the standard rent under that rule".

[No. 1/45/73-Jus]

R. L. PRADEEP, Dy. Secy.

(कम्पनी कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 27 अप्रैल, 1976

सा०का०नि०635.—केन्द्रीय सरकार, अभिलेख नाश-करण अधिनियम 1917 (1917 का 5) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अभिलेख नाशकरण (कम्पनियों के रजिस्ट्रार के कार्यालय) नियम, 1957 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1 इन नियमों का नाम अभिलेख नाश-करण (कम्पनियों के रजिस्ट्रार के कार्यालय) संशोधन नियम, 1976 है ।

2. अभिलेख नाश-करण (कम्पनियों के रजिस्ट्रार के कार्यालय) नियम, 1957 में, —

(i) मद (3) में, उप-मद 2 का लोप किया जाएगा ;

(ii) मद (4) में, उप-मद 9 के पश्चात् निम्नलिखित उप-मद अन्त: स्थापित की जाएगी, अर्थात् :—

"10. समस्त पत्र व्यवहार जिसमें सुलन-पत्रों की समीक्षा, अभियोजन, प्रादेशिक निदेशकों और कम्पनी विधि बोर्ड को रिपोर्ट, जिसके अन्तर्गत धारा 209 की उपधारा (4) के अधीन निरीक्षण भी हैं, से सम्बन्धित पत्र-व्यवहार भी है तथा परिवादों के सम्बन्ध में पत्र व्यवहार ।",

(iii) मद (6) में, विद्यमान उप-मद की, उप-मद (1) के रूप में संख्यांकित किया जाएगा और इस प्रकार संख्यांकित उप-मद के पश्चात्, निम्नलिखित उप-मद अन्त:स्थापित की जाएगी, अर्थात्.—

"2. फीसों, अतिरिक्त दाखिला फीसों के संदाय की बात नैमित्तिक पत्र-व्यवहार और दस्तावेजों की वापसी के बारे में पत्र-व्यवहार का परिरक्षण तीन वर्ष के लिए किया जाएगा" ।

[फा० सं० 2/14/76-सी०एल०V]

(Department of Company Affairs)

New Delhi, the 27th April, 1976

G.S.R. 635.—In exercise of the powers conferred by section 3 of the Destruction of Records Act, 1917 (5 of 1917), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Disposal of Records (in the offices of the Registrar of Companies) Rules, 1957, namely:—

1. These rules may be called the Disposal of Records (in the offices of the Registrar of Companies) Amendment Rules, 1976.

2. In rule 4 of the Disposal of Records (in the offices of Registrar of Companies) Rules, 1957,—

(i) in item (3), sub-item 2 shall be omitted:

(ii) in item (4), after sub-item 9, the following sub-item shall be inserted, namely —

"10 All correspondence including correspondence relating to scrutiny of balance sheets, prosecutions reports to the Regional Directors and Company Law Board including inspections under sub-section (4) of section 209 and the correspondence relating to complaints",

(iii) in item (6) the existing sub-item shall be numbered as sub-item 1 thereof and after the sub-item as so numbered, the following sub-item shall be inserted, namely —

"2 Routine correspondence regarding payment of fees, additional filing fees and correspondence about return of documents shall be preserved for three years"

[File No 2/14 76-CL-V]

सा०का०नि० 636 —केन्द्रीय सरकार, अभिलेख नाशकरण अधिनियम, 1917 (1917 का 5) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् —

1 संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ — (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम प्रादेशिक निदेशकों के कार्यालय (अभिलेख नाशकरण) नियम 1976 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2 परिभाषाएं —इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो —

(क) 'अधिनियम" से कम्पनी अधिनियम 1956 (1956 का 1) अभिप्रेत है,

(ख) कम्पनी का वही अर्थ है जो उसका अधिनियम में है और इसके अन्तर्गत अधिनियम की धारा 591 के अर्थ में विदेशी कम्पनी भी है।

3 अभिलेखों का परिरक्षण —नीचे की सारणी के स्तम्भ 2 में विनिर्दिष्ट विषयों के सम्बन्ध में, उक्त सारणी के स्तम्भ 3 से 7 तक में सम्बन्धी प्रविष्टियों में विनिर्दिष्ट अभिलेख, उक्त स्तम्भ 3 से 7 तक में विनिर्दिष्ट अवधि के लिए परिरक्षित किए जाएंगे।

सारणी

क्रम सं०	अभिलेखों की विशिष्टियां	परिरक्षण की अवधि				
		स्थायी रूप से	30 वर्ष तक	21 वर्ष तक	10 वर्ष तक	5 वर्ष तक
1	2	3	4	5	6	7
1	कम्पनी का नाम बदलने के लिए अधिनियम की धारा 21 के अधीन आवेदन की बाबत कागज-पत्र।	अनुमोदन पत्र की प्रति	—	—	अन्य कागज-पत्र	—
2	कम्पनी के नाम की परिशुद्धि के लिए अधिनियम की धारा 22 के अधीन आवेदन की बाबत कागज-पत्र।	अनुमोदन पत्र की प्रति	—	—	अन्य कागज-पत्र	—
3	अधिनियम की धारा 25 के अधीन अनुज्ञप्ति की मंजूरी के लिए उक्त धारा के अधीन आवेदन की बाबत कागज-पत्र।	अनुज्ञप्ति की मंजूरी के लिए दाखिल किए गए मूल कागज-पत्र और अनुज्ञप्ति की प्रति।	—	—	—	अन्य कागज-पत्र
4	पब्लिक कम्पनी को प्राइवेट कम्पनी में संपरिवर्तित करने करने के लिए अधिनियम की धारा 31 की उपधारा (1) के परन्तुक के अधीन आवेदन की बाबत कागज-पत्र।	अनुमोदन पत्र की प्रति	—	—	अन्य कागज-पत्र	—
5	पब्लिक कम्पनी के प्राइवेट कम्पनी में पुनर्संपरिवर्तन के लिए अधिनियम की धारा 43 क की उपधारा (4) के अधीन आवेदन।	अनुमोदन पत्र की प्रति	—	—	अन्य कागज-पत्र	—
6	अधिनियम की धारा 108 (1ब) के अधीन आवेदन।	—	—	—	—	सभी कागज-पत्र
7	साधारण अधिवेशन बुलाने के लिए अधिनियम की धारा 167 के अधीन आवेदन की बाबत कागज-पत्र।	केन्द्रीय सरकार के निदेश की प्रति	—	—	—	अन्य कागज पत्र

1	2	3	4	5	6	7
8	अधिनियम की धारा 224 की उपधारा (3) और (8) के अधीन संपरीक्षकों की नियुक्ति और उनके पारिश्रमिक की बाबत कागज-पत्र ।	नियुक्ति पत्र और संपरीक्षकों के पारिश्रमिक नियत करने के पत्र की प्राप्ति	—	—	—	अन्य कागज-पत्र
9	अधिनियम की धारा 243 के अधीन कम्पनी के परिसमापन के लिए अर्जी (अधिनियम की धारा 439) ।	—	—	—	सभी कागज-पत्र	—
10	समझौते ठहराव, समामेलन, माध्यस्थ, आदि की बाबत सूचना (अधिनियम की धारा 394क) ।	—	—	—	सभी कागज-पत्र	—
11	समापकों का कम्पनी का साधारण अधिवेशन और लेनदारों का अधिवेशन बुलाने के लिए समय का विस्तारण (अधिनियम की धारा 496 और 508) ।	—	—	—	—	सभी कागज-पत्र
12	समापकों का लेखा और फाइल करने से दी गई छूट की बाबत कागज-पत्र (अधिनियम की धारा 591) ।	—	—	सभी कागज पत्र	—	—
13	कम्पनी के परिसमापन खाते से धन के सदाय की बाबत कागज-पत्र (अधिनियम की धारा 555(7) और (9)]।	—	—	सभी कागज-पत्र	—	—
14	प्रास्पैक्टस से सम्बन्धित अभिलेखों के निरीक्षण की बाबत कागज-पत्र (अधिनियम की धारा 610)।	—	—	—	—	सभी कागज पत्र
15	कम्पनी के कार्यकलाप के प्रबन्ध के सम्बन्ध में अपराधों की बाबत न्यायालय का आदेशन (अधिनियम की धारा 627)	—	सभी कागज-पत्र	—	—	—

4 अभिलेखों का नष्ट किया जाना.— नियम 3 में निर्दिष्ट अभिलेख उस नियम में यथा विनिर्दिष्ट परिरक्षण की अवधि की समाप्ति के पश्चात नष्ट किए जा सकते हैं और ऐसा कोई अभिलेख तब के सिवाय नष्ट नहीं किया जाएगा जब प्रादेशिक निदेशक का लिखित में पूर्व आदेश की अभिप्राप्त कर लिया जाता है ।

5 नष्ट किए गए दस्तावेजों के अभिलेख का बनाए रखना ।.—प्रादेशिक निदेशक इससे उपाबद्ध उपबंध में वर्णित प्ररूप में, दो भागों में, एक रजिस्टर रखेगा जिसमें वह नष्ट किए गए अभिलेखों की संक्षिप्त विशिष्टियां दर्ज करेगा और नाशकरण की तारीख और पद्धति अपने हाथ से प्रमाणित करेगा ।

6 अन्य नियमों का लागू होना वर्जित न होना.—इन नियमों के उपबंध, लेखाओं के सम्बन्ध में कार्यालय अभिलेखों के नष्ट किए जाने के लिए नियमों के (जो कि साधारण वित्तीय नियमों के संग्रह के उपाबंध 17 में सम्मिलित हैं) अतिरिक्त है और उनकी अल्पीकरण करने वाले नहीं हैं ।

उपाबंध

भाग 1

(कम्पनियों से सम्बन्धित दस्तावेजों की विशिष्टि)

कम्पनी का नाम	किस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत है?	अन्तिम रूप से विघटन या परिसमापन या हटाए जाने की तारीख	नष्ट किए गए दस्तावेजों का विवरण	नष्ट किए जाने की तारीख और पद्धति प्रादेशिक निदेशक के आद्याक्षरों सहित
1	2	3	4	5

भाग 2

(भाग 1 में विनिर्दिष्ट से भिन्न दस्तावेजों की विशिष्टियां)

नष्ट की गई फाइल या दस्तावेज की संख्या	दस्तावेज किस विषय के सम्बन्ध में है?	नष्ट की गई दस्तावेजों का विवरण	नष्ट करने की तारीख और पद्धति प्रादेशिक निदेशक के आद्याक्षरों सहित
1	2	3	4	5

[फा०सं० 2/14/76-सी०एल० 5]

के० एम० शर्मा, अवर सचिव

G.S.R.636. —In exercise of the powers conferred by section 3 of the Destruction of Records Act, 1917 (5 of 1917), the Central Government hereby makes the following rules, namely :—

1. Short title and commencement.—(1) The e rules may be called the offices of the Regional Directors (Destruction of Records) the Rules, 1976.

(2) They shall come into force on the date of their publication in Official Gazette.

2. Definitions.—In these rules, unless the context otherwise requires—

(a) "Act" means the Companies Act, 1956 (1 of 1956) ;

(b) "Company" has the same meaning assigned to it in the Act and includes a foreign company within the meaning of section 591 of the Act.

3. Preservation of records. The records specified in columns 3 to 7 of the Table below in relation to the subject matter specified in the corresponding entry in column 2 of the said Table shall be preserved for the periods specified in the said columns 3 to 7.

TABLE

Sl. No.	Particulars of records	To be preserved for				
		Permanently	30 Years	21 Years	10 Years	5 Years
1	2	3	4	5	6	7
1.	Papers regarding application under section 21 of the Act for change in the name of the company.	Copy of the approval letter.	—	—	Other Papers	—
2.	Papers regarding application under section 22 of the Act for rectification of the name of the company.	Copy of the approval letter	—	—	Other Papers	—
3.	Papers regarding application under section 25 of the Act for granting licence under the section.	Original Papers filed for the grant of licence and the copy of the licence.	—	—	—	Other Papers
4.	Papers regarding application under the proviso to sub-section (1) of section 31 of the Act for the conversion of a public company into a private company.	Copy of the approval letter.	—	—	Other Papers	—
5.	Papers regarding application under sub-section (4) of section 43A of the Act for reconversion of a Public company into a private company.	Copy of the approval letter.	—	—	Other Papers	—
6.	Applications under section 108 (1D) of the Act.	—	—	—	—	All Papers
7.	Papers regarding application under section 167 of the Act for calling annual general meeting.	Copy of the direction of the Central Government.	—	—	—	Other Papers
8.	Papers regarding appointment of auditors and their remuneration under sub-sections (3) and (8) of section 224.	Copy of the appointment letters and letter fixing remuneration of the auditors.	—	—	—	Other Papers
9.	Petition to wind up a company under section 243 of the Act. (Section 439 of the Act)	—	—	—	All Papers	—
10.	Notice regarding compromise, arrangement, amalgamation, arbitration, etc. (Section 394A of the Act)	—	—	—	All Papers	—
11.	Extension of time to liquidators to call general meetings of the company and a meeting of the creditors (Section 496 and 508 of the Act).	—	—	—	—	All Papers
12.	Papers in respect of exemptions granted to the liquidators from filing the statement of accounts. (Section 551 of the Act)	—	—	—	—	All Papers
13.	Papers regarding the payment of money from companies' liquidation account. (Section 555 (7) and (9) of the Act.)	—	—	All Papers	—	—
14.	Papers regarding Inspection of records connected with Prospectus. (Section 610 of the act)	—	—	—	—	All Papers
15.	Application to Court regarding offences in connection with the management of the Company's Affairs (Section 627 of the Act)	—	All Papers	—	—	—

4 Destruction of records —The records referred to in rule 3 may be destroyed after the expiry of the periods of their preservation as specified in that rule and no such record shall be destroyed except after obtaining the previous orders in writing of the Regional Director

5 Records of documents destroyed to be maintained —The Regional Director shall maintain a register in two parts in the form set out in the Appendix annexed hereto, wherein he shall enter brief particulars of the records destroyed and shall certify under his own hand therein the date and mode of destruction

6 Application of other rules not barred —The provisions of these rule shall be in addition to and not in derogation of the rules for the destruction of offices records connected with accounts (contained in Appendix 17 to the compilation of the General Financial Rules)

APPENDIX

PART—I

(Particulars of documents relating to companies)

Name of the Company	Act under which registered	Date on which finally dissolved or would up or struck off	Description of documents destroyed	Date and mode of destruction with initials of Regional Director
1	2	3	4	5

PART—II

(Particulars of documents other than those specified in Part—I)

No of the file or document destroyed	Subject to which the document refers	Description of documents destroyed	Date and mode of destruction with initials of Regional Director
1	2	3	4

[File No 2/14/76-C1-V]

K M SHARMA Under Secy

वित्त मंत्रालय

(व्यय विभाग)

नई दिल्ली 5 अप्रैल, 1976

सा० का० नि०637— संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति जी ने मूल नियमावली में और आगे संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाए हैं अर्थात् —

1 (1) ये नियम मूल (पहला संशोधन) नियमावली, 1976 कहलाएंगे।

(2) ये जनवरी, 1973 की पहली तारीख से प्रभावी हुए माने जाएंगे।

2 मूल नियमावली में नियम 30 की अनुसूची में प्रविष्टि (13) के लिए निम्नलिखित प्रविष्टि प्रतिस्थापित की जाएगी, अर्थात् —

'(13) डाक और तार विभाग में उच्चतर चयन ग्रेड I पोस्ट मास्टरों के पद, जब डाक घरों के सहायक अधीक्षक द्वारा धारण किए जाएं।

व्याख्यात्मक ज्ञापन

इस अधिसूचना द्वारा जो संशोधन किया जा रहा है वह 26-4-75 को जारी की गई मूल (तीसरा संशोधन) नियमावली, 1975 के माध्यम से पहले ही कर दिया गया था। वह भारत के राजपत्र में उसके प्रकाशन की तारीख से प्रभाव में आया था इस संशोधन की आवश्यकता तीसरे वेतन आयोग की सिफारिशों पर डाकघरों के सहायक अधीक्षक और एच एस जी-I पोस्ट मास्टरों के वेतनमानों के संशोधन के कारण हुई जो 1-1-73 से प्रभाव में आए थे। एतद्नुसार, यह आवश्यक था कि उपर्युक्त संशोधन 1-1-73 से पश्चात् में आए जोकि वेतनमानों के संशोधन की तारीख है। वर्तमान संशोधन इसी उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए किया गया। 1-1-73 से इस संशोधन को भूतलक्षी प्रभाव देने से किसी भी सरकारी कर्मचारी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है।

[संख्या फा० 1 (16)-संख्या० III(क)/75]

पी० एस० वेंकटेश्वरन उप सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Expenditure)

New Delhi, the 5th April, 1976

G.S.R. 637.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Fundamental Rules, namely —

1 (1) These rules may be called the Fundamental (First Amendment) Rules, 1976

(2) They shall be deemed to have come into force on the 1st day of January, 1973

2 In the Fundamental Rules, in the Schedule to Rule, 30, for entry (13), the following entry shall be substituted, namely —

"(13) Posts of Higher Selection Grade-I Postmasters in the Post and Telegraphs Department when held by Assistant Superintendent of Post Offices

EXPLANATORY MEMORANDUM

The amendment sought to be made by this notification was already made by the Fundamental (Third Amendment) Rules 1975 issued on 26 4-75 This took effect from the date of its publication in the Gazette of India The amendment was necessitated because of the revision of the pay scales of Assistant Superintendent of Post Offices and HSG I Post Masters on the recommendations of the Third Pay Commission which took effect from 1-1-73 Accordingly it was necessary that the aforesaid amendment should have effect from 1-1-73 the date of revision of the pay scales The present amendment seeks to achieve this object By giving retrospective effect to this amendment w e f 1-1 73 Government servant is likely to be adversely affected

[No F 1(16)-E III(A)/75]

P S VENKATESWARAN, Dy Secy.

वाणिज्य मंत्रालय

नई दिल्ली, 28 फरवरी, 1976

सा० का० नि० 638 —राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए वाणिज्यक आसूचना और सांख्यिकी विभाग कलकत्ता में मशीन सारणीकरण अधिकारी भर्ती नियम, 1969 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1 (1) इन नियमों का नाम मशीन सारणीकरण अधिकारी, वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी विभाग, कलकत्ता भर्ती (संशोधन) नियम, 1976 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2 मशीन सारणीकरण अधिकारी, वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी विभाग, कलकत्ता भर्ती नियम, 1969 की विद्यमान अनुसूची के स्थान पर निम्नलिखित अनुसूची रखी जाएगी, अर्थात् :—

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद अथवा अचयन पद	सीधे भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों के लिये आयु-सीमा	सीधे भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों के लिये शैक्षिक तथा अन्य अर्हताएं
1	2	3	4	5	6	7
मशीन सारणीकरण अधिकारी	1	साधारण केन्द्रीय सेवा समूह 'ख' (राजपत्रित) अलिपिकवर्गीय	650-30-740-35-810-द०रो०-35-880-40-1000-द०रो०-40-1200 रु०	लागू नहीं होता।	30 वर्ष से अधिक (सरकारी कर्मचारियों के लिये शिथिलनीय) टिप्पण —आयु सीमा निर्धारित करने के लिये निर्णायक तारीख (अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप के संघ राज्य क्षेत्रों के अभ्यर्थियों से भिन्न) आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तारीख होगी।	आवश्यक —(1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य में उपाधि या समतुल्य या गणित या सांख्यिकी ऐच्छिक विषय सहित उपाधि। (2) पंच कार्ड उपस्कर पर आंकड़ा में प्रशिक्षण। (3) किसी सरकारी कार्यालय या किसी मान्यताप्राप्त संस्थान या किसी ख्यातिप्राप्त कारबारी समुत्थान में मशीन सारणीकरण स्कर के प्रचालन तथा ऐसे उपस्कर पर आयोजना और पर्यवेक्षण कार्यों का 3 वर्ष का अनुभव। (अर्हताएं, अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार, शिथिल की जा सकती है; विशेषतः अनुभव सम्बन्धी अर्हताएं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिये शिथिल की जा सकती है।) वांछनीय —किसी मान्यताप्राप्त सांख्यकीय संस्थान से स्नातकोत्तर प्रशिक्षण।

